an>

Title: Need to provide financial aid to the family of persons who died due to starvation in Banda Parliamentary Constituency.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद बांदा के ऐला ग्राम पंचायत के मुंगुÂ◌ा मजनार में रहने वाले दलित परिवार के सदस्य श्री नत्थू की मृत्यु कई दिनों से उसके घर में राशन नहीं होने के कारण, खाली पेट रहने से हो गई है। उसके घर में कई दिनों से राशन नहीं था। उसके छः बच्चे हैं। उसकी उम्र 40 वÂ◌ार्ष थी, वह भूमिहीन था। उसका निजी मकान भी नहीं था। वह रिश्तेदारों के दिए गऐ कच्चे खपरैल मकान में रह रहा था। उसकी मृत्यु का मुख्य कारण उसको समय से राशन नहीं मिल पाना है। क्योंकि राÂट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत मिलने वाले राशन व अन्य राहत सामग्री प्रदेश में काबिज सत्ता पार्टी के नेता बांटते हैं। जब तक उसके दल के पदाधिकारी फोटो नहीं खींचवा लेते तब तक राशन नहीं मिलता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस विÂषय को संज्ञान में लेते हुए राज्य सरकार से बात कर उस मृतक परिवार को आर्थिक सहायता कम से कम 20 लाख रुपये तथा उसके परिवार के भरण-पोÂ◌ा ण करने के पर्याप्त निर्देश देने की कृपा करें।...(व्यवधान) ऐसी घटना की पुनरावृति न हो, इसके लिए समुचित उपाय किए जाएं तथा अभी तक जो राहत राशि सबको नहीं बंटी है, वह शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।...(व्यवधान)

माननीय सभापति: कुंवर पुÂष्पेंद्र चंदेल को श्री भैरों प्रसाद मिश्र द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।